हिमाचल लाइव टीवी

दिनांक 08-01-2024

डिजिटल न्यूज पेपर

रोजगार चाहिए तो आयें औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पपलोग

संवाददाता शिव वालिया/ जोगिंदर नगर/ बैजनाथ

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पपलोग में दिनाँक 10-01-2024 एचआरवीएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के लिए कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है । साक्षात्कार में भाग लेने वाले उम्मीदवार का 10th में 40% अंको और ITI में 50% अंको के साथ पास होना अनिवार्य है। भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 वर्ष से 24 वर्ष तय है। अतः विभिन्न व्यवसायों में ITI पास प्रशिक्षणार्थियों जैसे फीटर, टर्नर, वैल्डर, इलैक्ट्रिशियन, टूल एंड डाई मेकर, पीपीओ, मशीनिस्ट, पेंटर, डीजल मैकेनिक, मैकेनिक मोटर व्हीकल, पेंटर जनरल, ऑटोमोबाइल (सीओई), इलैक्ट्रोनिक मैकेनिक के लिए कम्पनी साक्षात्कार लेगी। चयनित उम्मीदवारों को कम्पनी द्वारा प्रतिमाह रूपये 21,500 (सीटीसी) दिया जायेगा ।

संस्थान प्लेसमेंट अधिकारी ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को कम्पनी सब्सिडाइज भोजन, यूनिफॉर्म, सेफ्टी शूज सहित अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करवाएगी। अतः साक्षात्कार में भाग लेने वाले इच्छुक उम्मीदवार अपने वास्तविक प्रमाण पत्र प्रतिलिपियों के साथ, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं 2 नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित बुधवार दिनांक 10 जनवरी, 2024 को सुबह 9 बजे संस्थान में आएं और इस अवसर का लाभ उठाएं।